## समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय (गैर-महापत्तन) में सितंबर, 2022 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो

### भारत के समुद्री राज्य/ राज्य निदेशालय में कुल कार्गो यातायात

समुद्री यातायात का कार्यकलाप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाले विकास अर्थात्: वैश्विक आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि द्वारा चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर है। गैर-महापत्तनों पर कार्गो यातायात अप्रैल-सितंबर, 2021-22 के दौरान संभाले गए 295.30 मिलियन टन से **अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान 10.2% तक बढ़कर 325.27 मिलियन टन हो गया।**

गैर-महापत्तनों पर संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात, अप्रैल-सितंबर, 2021-22 के दौरान संभाले गए 254.60 मिलियन टन से अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान 6.3% तक बढ़कर 270.54 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों पर संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-सितंबर, 2021-22 के दौरान संभाले गए 40.69 मिलियन टन से अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान 34.5% तक बढ़कर 54.73 मिलियन टन हो गया।

### सितंबर, 2022 के दौरान  संभाला गया पत्तनवार कार्गो

- गैर-महापत्तनों पर सितंबर, 2022 के दौरान संभाला गया कार्गो 50.08 मिलियन टन है, जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.8% वृद्धि देखी जा सकती है। गैर-महापत्तनों में सितंबर, 2021 के दौरान संभाले गए 6.09 मिलियन टन की तुलना में तटीय कार्गो यातायात सितंबर, 2022 के दौरान 59.4% बढ़कर 9.71 मिलियन टन हो गया। गैर-महापत्तनों में, सितंबर, 2022 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो सितंबर, 2021 के दौरान संभाले गए 38.70 मिलियन टन से 4.3% बढ़कर 40.36 मिलियन टन हो गया।
- **सितंबर**, **2022** के दौरान, पत्तन निदेशालय, कर्नाटक के गैर-महापत्तनों ने विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में, यातायात में 85.2% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (टीएनएमबी) (85.1%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (एमएमबी) (63.7%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (58.0%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (एपीएमबी) (17.4%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप (16.2%), गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) (4.2%) और पत्तन निदेशालय, ओडिशा (3.4%) आते हैं। **सितंबर, 2022 में जिन समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों ने ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की**, उनमें कैप्टन ऑफ पोर्ट्स, गोवा (100.0%) और केरल समुद्री बोर्ड (केएमबी) (13.4%) शामिल रहे।

- सितंबर, 2022 के दौरान, समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों में गुजरात समुद्री बोर्ड ने समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में संभाले गए कुल कार्गो में (64.6%) की हिस्सेदारी के साथ 32.37 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद,


आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (15.3%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (10.4%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (6.0%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (2.0%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.3%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.3%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं।

- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर विगत वर्ष की समान अवधि की तुलना में सितंबर, 2022 में **अन्य अयस्क ने 256.9% की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की।** हालांकि, कुल कार्गो संभलाई में इसकी हिस्सेदारी नाममात्र है। इसके बाद, थर्मल कोयला (103.7%), चीनी (81.8%), निर्माण सामग्री (72.2%), अन्य कोयला (52.6%), लौह अयस्क (43.0%), परियोजना कार्गो (29.2%), कोकिंग कोयला (18.7%), खाद्य तेल (10.3%), उर्वरक (6.3%), अन्य वस्तुएं (2.3%), कंटेनर (2.0%), पीओएल उत्पाद (0.9%) और पीओएल क्रूड (0.6%) आते हैं। **दालों** ने सितंबर, 2022 में 100.0% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, लोहा और इस्पात (56.8%), एलपीजी अथवा एलएनजी (29.0%), एफआरएम लिक्विड (21.8%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (8.0%) और सीमेंट (4.4%) आते हैं।
- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर सितंबर, 2022 में **कंटेनर** ने **18.6% की हिस्सेदारी के साथ 9.31 मिलियन टन** के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, अन्य कोयला (16.3%), पीओएल क्रूड (14.4%), पीओएल उत्पाद (12.0%), अन्य वस्तुएं (9.6%), लौह अयस्क पेलेट/फाइन (7.3%), कोकिंग कोयला (6.6%), थर्मल कोयला (6.4%), एलपीजी अथवा एलएनजी (2.7%), उर्वरक (2.5%), सीमेंट (1.6%) और दालों को छोड़कर खाद्यान्न (1.0%), खाद्य तेल (0.8%), लोहा एवं इस्पात और अन्य अयस्क (0.6% प्रत्येक), चीनी (0.3%), एफआरएम लिक्विड और निर्माण सामग्री (0.2% प्रत्येक) आते हैं।

## अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात

- अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान **पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी** ने 94.5% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। हालांकि, राज्य समुद्री/ राज्य निदेशालय के गैर महापत्तनों द्वारा 325.27 मिलियन टन की कुल कार्गो संभलाई में उसकी हिस्सेदारी नाममात्र है। इसके बाद, पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (76.8%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (62.5%), पत्तन प्रबंधन बोर्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (46.4%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (45.8%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (13.3%) और गुजरात समुद्री बोर्ड (5.0%) आते हैं। समुद्री राज्य/राज्य निदेशालयों में से अप्रैल-सितंबर, 2020-21 की तुलना में अप्रैल-सितंबर 2022-23 के दौरान कैप्टन ऑफ पोर्ट्स, गोवा (82.8%) ने यातायात में सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद,

केरल समुद्री बोर्ड (56.0%) और पत्तन निदेशालय, ओडिशा (4.5%) आते हैं। **(तालिका- 1)**



**Graph 1. State Maritime/ Directorate-wise share of cargo traffic handled during April-Sept., 2022**

- अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान, समुद्री राज्य/राज्य निदेशालय में से गुजरात समुद्री बोर्ड ने 64.0% की हिस्सेदारी के साथ 208.08 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो संभलाई की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.3%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (9.5%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (6.4%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (1.8%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.5%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (0.3%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1%) आते हैं। **(ऊपर दिया गया ग्राफ 1)**

**तालिका -1 : गैर-महापत्तन - पत्तनवार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात**

**(हजार टनों में)**

| **क्रम सं.** | **पत्तनों के नाम** | | **(सितंबर, 2021) (पी)** | | **(सितंबर, 2022) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल- सितंबर 2021-22) (पी)** | | **कुल योग (अप्रैल- सितंबर, 2022-23) (पी)** | | **% अंतर {(कॉ.10 / कॉ.8-1)* 100}** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **प्रतिशत हिस्सा** | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जीएमबी | विदेशी | 27898 | 72.1 | 28475 | 70.6 | 177733 | 69.8 | 185378 | 68.5 | 4.3 |
| | | तटीय | 3177 | 52.1 | 3890 | 40.0 | 20414 | 50.2 | 22696 | 41.5 | 11.2 |
| | | कुल | 31075 | 69.4 | 32365 | 64.6 | 198147 | 67.1 | 208075 | 64.0 | 5.0 |
| 2 | एमएमबी | विदेशी | 1428 | 3.7 | 1664 | 4.1 | 9803 | 3.9 | 11773 | 4.4 | 20.1 |
| | | तटीय | 1758 | 28.8 | 3552 | 36.6 | 11465 | 28.2 | 19240 | 35.2 | 67.8 |
| | | कुल | 3186 | 7.1 | 5215 | 10.4 | 21269 | 7.2 | 31013 | 9.5 | 45.8 |
| 3 | टीएनएमबी | विदेशी | 507 | 1.3 | 966 | 2.4 | 3301 | 1.3 | 5432 | 2.0 | 64.5 |
| | | तटीय | 40 | 0.7 | 47 | 0.5 | 263 | 0.6 | 359 | 0.7 | 36.6 |
| | | कुल | 547 | 1.2 | 1013 | 2.0 | 3564 | 1.2 | 5791 | 1.8 | 62.5 |
| 4 | गोवा | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | तटीय | 3 | 0.0 | 0 | 0.0 | 10 | 0.0 | 2 | 0.0 | -82.8 |
| | | कुल | 3 | 0.0 | 0 | 0.0 | 10 | 0.0 | 2 | 0.0 | -82.8 |
| 5 | केएमबी | विदेशी | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | -100.0 |
| | | तटीय | 9 | 0.1 | 8 | 0.1 | 79 | 0.2 | 35 | 0.1 | -55.8 |
| | | कुल | 9 | 0.0 | 8 | 0.0 | 79 | 0.0 | 35 | 0.0 | -56.0 |
| 6 | पुदुच्चेरी | विदेशी | 407 | 1.1 | 644 | 1.6 | 2533 | 1.0 | 4927 | 1.8 | 94.5 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 0.0 |
| | | कुल | 407 | 0.9 | 644 | 1.3 | 2533 | 0.9 | 4927 | 1.5 | 94.5 |
| 7 | आंध्र प्रदेश | विदेशी | 5783 | 14.9 | 5847 | 14.5 | 40788 | 16.0 | 43536 | 16.1 | 6.7 |
| | | तटीय | 743 | 12.2 | 1815 | 18.7 | 6070 | 14.9 | 9575 | 17.5 | 57.7 |
| | | कुल | 6526 | 14.6 | 7661 | 15.3 | 46857 | 15.9 | 53110 | 16.3 | 13.3 |
| 8 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | विदेशी | 2 | 0.0 | 1 | 0.0 | 7 | 0.0 | 127 | 0.0 | 1840.9 |
| | | तटीय | 110 | 1.8 | 128 | 1.3 | 618 | 1.5 | 787 | 1.4 | 27.4 |
| | | कुल | 112 | 0.2 | 130 | 0.3 | 625 | 0.2 | 914 | 0.3 | 46.4 |
| 9 | कर्नाटक | विदेशी | 22 | 0.1 | 40 | 0.1 | 183 | 0.1 | 358 | 0.1 | 95.5 |
| | | तटीय | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 57 | 0.1 | 66 | 0.1 | 16.7 |
| | | कुल | 22 | 0.0 | 40 | 0.1 | 240 | 0.1 | 424 | 0.1 | 76.8 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | ओडिशा | विदेशी | 2647 | 6.8 | 2725 | 6.8 | 20254 | 8.0 | 19006 | 7.0 | -6.2 |
| | | तटीय | 255 | 4.2 | 275 | 2.8 | 1717 | 4.2 | 1973 | 3.6 | 14.9 |
| | | कुल | 2902 | 6.5 | 3000 | 6.0 | 21971 | 7.4 | 20979 | 6.4 | -4.5 |
| **कुल** | | **विदेशी** | **38695** | **86.4** | **40361** | **80.6** | **254603** | **86.2** | **270538** | **83.2** | **6.3** |
| | | **तटीय** | **6094** | **13.6** | **9714** | **19.4** | **40692** | **13.8** | **54733** | **16.8** | **34.5** |
| | | **कुल** | **44788** | **100.0** | **50075** | **100.0** | **295295** | **100.0** | **325271** | **100.0** | **10.2** |

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय (पी) अनंतिम**

- अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान, **परियोजना कार्गो ने** 83.2% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। हालांकि, कुल कार्गो संभलाई में इनकी हिस्सेदारी नाममात्र है। इसके बाद, दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (54.7%), अन्य कोयला (43.6%), दालों (34.1%), चीनी (31.0%), थर्मल कोयला (25.0%), एफआरएम लिक्विड (15.3%), कोकिंग कोयला (12.8%), सीमेंट (12.3%), उर्वरक (6.5%), निर्माण सामग्री (5.8%), अन्य वस्तुएं (4.6%), पीओएल क्रूड (4.4%), लौह अयस्क (4.3%), कंटेनर (2.8%) और पीओएल उत्पाद (0.4%) आते हैं। अप्रैल-सितंबर, 2021-22 की तुलना में अप्रैल- सितंबर, 2022-23 के दौरान **एफआरएम ड्राई** ने यातायात में 100.0% की अधिकतम ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, लोहा और इस्पात (38.7%), एलपीजी अथवा एलएनजी (10.4%), खाद्य तेल (3.1%) और अन्य अयस्क (0.5%) आते हैं। **(तालिका-2)**

- सभी वस्तुओं में से, अप्रैल- सितंबर, 2022-23 के दौरान पत्तनों में अधिकतम संभाला गया सामान अन्य कोयला है, जो 18.1% की हिस्सेदारी के साथ 58.76 मिलियन टन रहा। इसके बाद, कंटेनर (17.8%), पीओएल क्रूड (13.9%), पीओएल उत्पाद (10.7%), अन्य वस्तुएं (10.2%), लौह अयस्क/पेलेट (6.8%), कोकिंग कोयला (6.3%), थर्मल कोयला (6.1%) और एलपीजी एवं एलएनजी (3.1%), उर्वरक (1.9%), सीमेंट (1.7%), दालों को छोड़कर अन्य खाद्यान्न (1.0%), लोहा और इस्पात (0.8%), चीनी और खाद्य तेल (0.5% प्रत्येक), अन्य अयस्क (0.3%), एफआरएम लिक्विड और निर्माण सामग्री (0.2% प्रत्येक) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।

**तालिका-2: गैर-महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तुवार वृद्धि**

**(हजार टनों में)**

| **वस्तुएं** | **(सितंबर, 2021) (पी)** | **(सितंबर, 2022) (पी)** | **कुल योग (अप्रैल- सितंबर, 2021-22) (पी)** | **कुल योग (अप्रैल- सितंबर, 2022-23) (पी)** | **% अंतर {(कॉ.8/ कॉ.6-1)* 100}** |
|---|---|---|---|---|---|

| | | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | संभाला गया कार्गो | प्रतिशत हिस्सा | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | | (2) | (3) | (4) | (5) | (12) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| पीओएल क्रूड | | 7174 | 16.0 | 7215 | 14.4 | 43422 | 14.7 | 45347 | 13.9 | 4.4 |
| पीओएल उत्पाद | | 5938 | 13.3 | 5992 | 12.0 | 34561 | 11.7 | 34695 | 10.7 | 0.4 |
| एलपीजी या एलएनजी | | 1930 | 4.3 | 1371 | 2.7 | 11314 | 3.8 | 10136 | 3.1 | -10.4 |
| खाद्य तेल | | 367 | 0.8 | 405 | 0.8 | 1643 | 0.6 | 1591 | 0.5 | -3.1 |
| एफआरएम-लिक्विड | | 152 | 0.3 | 119 | 0.2 | 617 | 0.2 | 711 | 0.2 | 15.3 |
| लौह अयस्क पेलेट /फाइन | | 2546 | 5.7 | 3641 | 7.3 | 21340 | 7.2 | 22253 | 6.8 | 4.3 |
| अन्य अयस्क | | 79 | 0.2 | 283 | 0.6 | 841 | 0.3 | 838 | 0.3 | -0.5 |
| थर्मल कोयला | | 1138 | 2.5 | 2318 | 4.6 | 15757 | 5.3 | 19699 | 6.1 | 25.0 |
| कोकिंग कोयला | | 2805 | 6.3 | 3329 | 6.6 | 18179 | 6.2 | 20502 | 6.3 | 12.8 |
| अन्य कोयला | | 5345 | 11.9 | 8156 | 16.3 | 40913 | 13.9 | 58755 | 18.1 | 43.6 |
| उर्वरक | | 1199 | 2.7 | 1274 | 2.5 | 5875 | 2.0 | 6256 | 1.9 | 6.5 |
| एफआरएम-ड्राई | | 0 | 0.0 | 0 | 0.0 | 63 | 0.0 | 0 | 0.0 | -100.0 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | | 539 | 1.2 | 496 | 1.0 | 2126 | 0.7 | 3290 | 1.0 | 54.7 |
| दालें | | 23 | 0.1 | 0 | 0.0 | 90 | 0.0 | 121 | 0.0 | 34.1 |
| चीनी | | 77 | 0.2 | 140 | 0.3 | 1158 | 0.4 | 1517 | 0.5 | 31.0 |
| सीमेंट | | 853 | 1.9 | 815 | 1.6 | 4887 | 1.7 | 5489 | 1.7 | 12.3 |
| लोहा तथा इस्पात | | 754 | 1.7 | 325 | 0.6 | 3996 | 1.4 | 2451 | 0.8 | -38.7 |
| परियोजना कार्गो | | 12 | 0.0 | 16 | 0.0 | 99 | 0.0 | 182 | 0.1 | 83.2 |
| निर्माण सामग्री | | 47 | 0.1 | 81 | 0.2 | 475 | 0.2 | 502 | 0.2 | 5.8 |
| कंटेनर | टन | 9127 | 20.4 | 9308 | 18.6 | 56217 | 19.0 | 57766 | 17.8 | 2.8 |
| | टीईयू* | 682 | 1.5 | 698 | 1.4 | 4115 | 1.4 | 4312 | 1.3 | 4.8 |
| अन्य | | 4684 | 10.5 | 4793 | 9.6 | 31723 | 10.7 | 33170 | 10.2 | 4.6 |


| कुल | 44788 | 100.0 | 50075 | 100.0 | 295295 | 100.0 | 325271 | 100.0 | 10.2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**स्रोत :- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय टिप्पणी- * हजार की संख्या में (पी) अनंतिम**


## <u>अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल-सितंबर, 2022-23 के दौरान गैर-महापत्तनों में, गुजरात समुद्री बोर्ड (जीएमबी) ने 68.5% की हिस्सेदारी के साथ 185.38 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (16.1%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (7.0%), महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (4.4%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (2.0%), पत्तन निदेशालय, पुदुच्चेरी (1.8%) और पत्तन निदेशालय, कर्नाटक (0.1% प्रत्येक) आते हैं। **(ग्राफ-2)**

**Graph 2. State Maritime/ Directorate-wise share of Overseas cargo traffic handled during April-Sept., 2022**




- अप्रैल-सितंबर, 2022-23, के दौरान गैर-महापत्तनों में, 41.5% हिस्सेदारी के साथ गुजरात समुद्री बोर्ड ने 22.70 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, महाराष्ट्र समुद्री बोर्ड (35.2%), आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड (17.5%), पत्तन निदेशालय, ओडिशा (3.6%), अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह (1.4%), तमिलनाडु समुद्री बोर्ड (0.7%), पत्तन निदेशालय, कर्नाटक और केरल समुद्री बोर्ड (0.1% प्रत्येक) आते हैं। **(ग्राफ-3)**


Graph 3. State Maritime/ Directorate-wise share of Coastal cargo traffic handled during April-Sept., 2022
Karnataka 0.1%
A & N Island 1.4%
Odisha 3.6%
Andhra Pradesh 17.5%
Puducherry 0.0%
KMB 0.1%
Goa 0.0%
TNMB 0.7%
MMB 35.2%
GMB 41.5%

******************************